# रणजीत टाइम्स

इंदौर
शनिवार, 12 जुलाई, 2025
वर्ष 01 | अंक 175 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital
RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने "मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025"

# "कल के शहरों का निर्माण"





## थीम पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन कर अवलोकन किया

### मुख्यमंत्री ने प्रदेश में शहरी विकास के मॉडल एवं नवाचारों पर आधारित प्रदर्शनी की सराहना

**रणजीत टाइम्स »» अनिल चौधरी**

मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में "मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025" अन्तर्गत प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में विकास के लिए संचालित विभिन्न प्रोजेक्ट्स के माध्यम से विकसित सुदृढ़ अधोसंरचना ,नवाचारों, निवेश प्रोत्साहन नीतियों एवं योजनाओं से संबंधित "कल के शहरों का निर्माण" थीम पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन कर अवलोकन किया। प्रदर्शनी में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट , कमिश्नर नगरीय विकास एवं आवास संकेत भोंडवे, कमिश्नर दीपक सिंह एवं अन्य उपस्थित रहें।

### इंदौर विकास प्राधिकरण

प्रदर्शनी में इंदौर विकास प्राधिकरण की प्रदर्शनी में संभागायुक्त श्री दीपक सिंह द्वारा अधोसंरचना विकास के लिए अपनाए मॉडल जिसमें पीपीपी मॉडल पर आधारित बहुउद्देशीय स्पोर्ट्स पार्क के निर्माण , एयरपोर्ट के पास कन्वेंशन सेंटर , इंदौर में स्टार्टअप कल्चर को बढ़ावा देने के लिए निर्माणाधीन स्टार्टअप पार्क की प्रदर्शनी के संबंध में अवगत कराया । इंदौर विकास प्राधिकरण की प्रदर्शनी में सारे प्रोजेक्ट्स की जानकारी को डिजिटली उपलब्ध कराने के लिए वो क्यूआर कोड की व्यवस्था की गई हैं। प्रदर्शनी स्थल पर डिजिटल व्यवस्था देखकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रसन्नता व्यक्त की।



मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड "कल के शहरों" के निर्माण में मेट्रो रेल की भूमिका को दर्शाने वाली प्रदर्शनी में इंदौर मेट्रो रेल परियोजना (येलो लाइन),भोपाल मेट्रो रेल परियोजना (ऑरेंज और ब्लू लाइन),रोलिंग स्टॉक (ट्रेन) पदेशी तकनीक से निर्मित आधुनिक मेट्रो ट्रेनें,सूचनात्मक पैनल को प्रदर्शित किया गया। मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन टेक्नोलॉजी आधारित विकास की पांच परिवर्तनकारी नीतियाँ जो क्षेत्रीय नवाचार और निवेश को गति दे रही राज्य की पांच प्रमुख नीतियाँ आईटीईएस एवं ईएसडीएम निवेश प्रोत्साहन नीति 2023, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (GCC) नीति 2025, ड्रोन प्रोत्साहन एवं उपयोग नीति 2025, एवीजीसी-एक्सआर (एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी) नीति 2025, सेमीकंडक्टर नीति 2025 का प्रदर्शन किया।

### मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम (MPIDC)

मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम इंदौर क्षेत्र द्वारा एक विशेष प्रदर्शनी प्रस्तुत की जा रही है, जो राज्य के प्रमुख अधोसंरचना परियोजना जो प्रदेश के गतिशील औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र, तेजी से विकसित होती आईटी अवसंरचना, और समावेशी शहरी विकास को प्रदर्शित करती हैं। जिसमें विशेष रूप से इंदौर-पिथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर ,आईटी पार्क-3, इंदौर, आईटी पार्क-4, सुपर कॉरिडोर, इंदौर कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास , रेडीमेड गारमेंट कॉम्प्लेक्स में प्लग एंड प्ले सुविधा को प्रदर्शित किया गया। नवाचार प्रदेश में हरित विकास को बढ़ावा देने वाली विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के नवाचारों को भी प्रदर्शनी में शामिल किया गया । जिसमें मध्य भारत में पॉलीकार्बोनेट शीट जो पूर्णतः हरित उत्पाद है जिसके माध्यम से घरों में प्राकृतिक रोशनी आसानी से उपलब्ध होगी , शहरी क्षेत्रों में पार्किंग की समस्या के निराकरण के लिए रोबोटिक पार्किंग सिस्टम बनाए जाने के संबंध में मॉडल , इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कचरा संग्रहण एवं कचरा निस्तारण के लिए ईवी का प्रदर्शन किया गया। जिसकी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के उद्योगपतियों की सराहना की। इसके अतिरिक्त हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड,भोपाल विकास प्राधिकरण, उज्जैन विकास प्राधिकरण, अमृत हरित अभियान आदि प्रदर्शनियों का प्रदर्शन किया गया जो प्रदेश के गतिशील औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र एवं नवाचारों को प्रोत्साहित करती , तेजी से विकसित होती आईटी अवसंरचना , शहरी सुदृढ़ अधोसंरचना एवं समावेशी शहरी विकास को उजागर करती है।

# आत्मतत्व का ज्ञान ही शाश्वत व सनातन है



**सहजयोग ध्यान द्वारा विश्व भर में अनेकानेक लोगों ने मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को प्राप्त किया है। सहजयोग पद्धति द्वारा लोगों के समाजिक व आध्यात्मिक उत्थान के भी अनेक उदाहरण उपलब्ध हैं।**

## प्रश्न उठता है सहजयोग क्या है?

सहजयोग श्री माताजी निर्मला देवी जी द्वारा प्रति-स्थापित एक सहज ध्यान पद्धति है जिसमें कुण्डलिनी जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार की प्राप्ति होती है। तत्पश्चात् नियमित ध्यान- धारणा द्वारा मानव शरीर में स्थिति चक्रों व नाड़ियों को संतुलन प्राप्त होता है। यही संतुलन हमें अर्थ अन्तर्परिवर्तन की ओर अग्रसर करता है। शनैः शनैः बिना किसी बाहरी दबाव व प्रेरणा के 'हमारे विचारों, जीवन मूल्यों, में परिवर्तन आने लगता है, सही व गलत स्वयं ही सहज में हमारे समक्ष प्रकट होने लगता है। जैसे-जैसे हम सहजयोग में दृढ़ होते जाते हैं सारे प्रेम व आनन्द के मायने बदलते जाते हैं। माया जो कि जीवन में अभाव का दूसरा नाम है हमें प्रभावित नहीं कर पाती। आत्मा का ज्ञान ज्यों ही हमारी मध्य नाड़ी तंत्र को प्रकाशित करता है व हमारी शाश्वत शक्ति, कुण्डलिनी ब्रह्मरंध्र का भेदन करती है तो हमारा संबंध चैतन्य के रूप में प्रवाहित परम पिता की ऊर्जा से हो जाता है। अतः सहजयोग ऊर्जा का विज्ञान है। सहजयोग आत्मा के परमात्मा से लय होने की प्रक्रिया है। शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य की प्राप्ति इस प्रक्रिया का सह उत्पाद है। आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करने की कोई आयु नहीं होती और इसमें सांसारिक जीवन का त्याग नहीं होता है। यदि सहजयोग का परिचय बालपन में ही दिया जाए तो बच्चों का चहुंमुखी विकास सहज ही में हो जाता है। वे एकाग्रता, अनुशासन, तीव्र स्मरणशक्ति, व शैक्षणिक व व्यवसायिक सफलता को सहज ही में प्राप्त करने योग्य बन जाते हैं। किसी भी परिस्थिति में अनैतिकता उन्हें छू भी नहीं पाती क्योंकि स्वयं पावित्र्य के प्रतीक श्री गणेश आत्मसाक्षात्कार के पश्चात् उनके भीतर जागृत हो जाते हैं। इस प्रकार सहजयोग प्रत्येक आयु वर्ग, प्रत्येक धर्म तथा महिला व पुरुष दोनों के लिए परमशक्ति से एकाकारिता का अनमोल माध्यम है। सहजयोग पूर्णतया निःशुल्क है। सहजयोग से संबंधित जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 18002700800 पर कॉल करें।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केसरबाग क्षेत्र में "एक बगिया माँ के नाम" अभियान के भूमिपूजन एवं पौधारोपण किया केसरबाग क्षेत्र में सभी 51 हजार पौधे फलदार और औषधीय लगाये जायेंगे- मंत्री विजयवर्गीय

**रणजीत टाइम्स » » अनिल चौधरी**

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। भारत वसुधैव-कुटुम्बकम की संस्कृति पर चल रहा है, जहाँ पूरा विश्व एक परिवार की तरह है। जब सारा विश्व युद्ध में झुलस रहा है, तब भारत जियों और जीने दो का संदेश देकर अपनी उदार संस्कृति का परिचय दे रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज दोपहर को केसरबाग क्षेत्र में एक बगिया माँ के नाम नगर वन निर्माण का भूमिपूजन एवं पौधारोपण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आगे कहा कि यह संयोग है कि आज श्रावण माह का पहला दिन है और इसी दिन केसरबाग क्षेत्र में "एक बगिया माँ के नाम" के तहत इंदौर को हरा-भरा और सुंदर बनाने का संकल्प लिया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत के लोग प्रारंभ से ही प्रकृति के निकट रहे हैं और उन्होंने प्रकृति में भी परमात्मा के दर्शन किये है। गाँव का एक साधारण सा ग्रामीण भी जानता है कि वे पौधों में भी मनुष्य की तरह जान होती है, इसलिए किस पौधों को कब छूना चाहिये और कब नहीं। कार्बन उत्सर्जन को दूर करने में पौधों की बड़ी भूमिका है। पेड़ ऋषि-मुनि के समान होते है, जो प्रकृति से लेते कम देते अधिक है। सनातन संस्कृति को बचाने में हमारे संतो की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पौधों में प्राण होते है। भारत के महान वैज्ञानिक डॉ. जगदीश चन्द्र बसु ने वैज्ञानिक रूप से सिद्ध करके दिखाया कि पौधों मे प्राण होते है। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केसरबाग क्षेत्र में "एक बगिया माँ के नाम" अभियान के तहत आम के पौधे का रोपण किया।





नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि क्लॉथ मॉर्केट एसोसिएशन ने शासन को केसरबाग क्षेत्र में जो चार एकड़ से अधिक जमीन पौधारोपण के लिए दी है, उस पर 51 हजार से अधिक पौधे लगाकर इसे एक सुन्दर बगिया बनाना है, जो प्रदेश की सबसे बड़ी बगिया होगी। इस बगिया में सभी फलदार और औषधीय पौधे लगाये जायेंगे, जो इंदौर शहर को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने में मुख्य भूमिका निभायेंगी। सभी पेड़ जिंदा रहें, इसकी देखभाल नागरिको को करना होगी। बीते वर्ष हमने एक दिन में रेवती रेंज मे 12 लाख 40 हजार से अधिक पौधारोपण कर इतिहास रचा था। वर्तमान स्थिति में सभी पौधे जीवित है और हरे भरे हो लहरा रहे है। मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि इस मानसून में इंदौर जिले में 7 लाख पौधों का रोपण हो चुका है और आने वाले दिनों में बड़ी संख्या में विभिन्न सामाजिक संस्थाएं हजारों की संख्या में पौधारोपण करेंगी और इंदौर एक बार फिर पौधा रोपण का नया इतिहास बनायेगा। मंत्री विजयवर्गीय ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आग्रह किया कि वे वन विभाग को बड़ी संख्या में पौधे तैयार करने के निर्देश दें। मंत्री विजयवर्गीय ने आगे कहा कि हमें इंदौर को सीमेंट-कांक्रीट का जंगल नहीं, हरे-भरे और फलदार वृक्षों का हरा-भरा शहर बनाना है। बड़ी संख्या में पौधारोपण कर हम देशभर के पक्षियों को आमंत्रित कर सकते है।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में बेहतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रकृति प्रेमी है और वे जल संरक्षण एवं जल संवंधन की दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में इंदौर सहित प्रदेशभर में कुँए, बावड़ियों को संवारकर हम जल राशि बढ़ा रहें है। मुनि श्री आचार्य विभोव सागर महाराज ने कहा कि स्वस्थ पर्यावरण जीवन का आधार और संस्कृति का संरक्षक है। स्वस्थ जीवन के लिए हवा अनिवार्य है। जहाँ वृक्ष होते है, वहाँ बादल अधिक बरसते हैं। हर व्यक्ति अपने आंगन में एक पेड़ अवश्य लगाये। बच्चों को अपने जन्मदिन पर केक कांटने की बजाय पौधे लगाने चाहिये। व्यक्ति अगर चाहे तो अपने जीवन में 100 से लेकर लाख पौधे तक लगा सकते है। पेड़ों के कई फायदे है, पेड़ हमें केवल छाया, लकड़ी, फल, फूल ही नहीं देते, औषधियां भी देते है। भारत ऋत्रि-मुनियों का देश है, यहाँ कई ऋषियों ने अपनी साधना पेड़ों के नीचे बैठकर की है। कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, विधायक मधु वर्मा, महेद्र हार्डिया, श्रीमती मालिनी गौड़, सुश्री उषा ठाकुर, गोलू शुक्ला, पूर्व विधायक जीतू जिराती, जिला अध्यक्ष श्रवण चावड़ा, सुमित मिश्रा सहित नगर निगम के एमआईसी मेंम्बर्स स्कूल की छात्र-छात्राएं विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में मंत्रीगण और विधायकगणों ने भी आम के पौधे लगायें।

# 75 साल मतलब उम्र हो गई'...क्या इस साल झोला लेकर चल पड़ेंगे पीएम मोदी, किसकी ओर है मोहन भागवत का इशारा?

(RSS) के प्रमुख मोहन भागवत ने सुझाव दिया है कि नेताओं को 75 साल पूरे होने पर रिटायर हो जाना चाहिए। संयोग से खुद भागवत भी इसी साल 75 साल के होने वाले हैं। 9 जुलाई को उन्होंने नागपुर में आरएसएस के एक विचारक दिवंगत मोरोपंत पिंगले को समर्पित एक किताब के विमोचन के मौके पर कहा, 'जब आप 75 के हो जाते हैं, इसका मतलब है कि अब आपको रुक जाना चाहिए और दूसरों को रास्ता देना चाहिए।'

उन्होंने 'मोरोपंत पिंगलेः द आर्किटेक्ट ऑफ हिंदू रिसर्जेंस'नाम के पुस्तक का विमोचन करते हुए कहा कि एक बार पिंगले ने कहा था, '75 वर्ष के होने के बाद अगर



आपको शॉल देकर सम्मानित किया जाता है, इसका मतलब है कि आपको अब रुक जाना चाहिए, आपकी आयु हो चुकी है; हट जाइए और दूसरों को आगे आने दीजिए।

# कनाडा में कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैफे पर देर रात फायरिंग हुई. कपिल शर्मा ने तीन दिन पहले ही कप्स कैफे नाम के इस कैफे का उद्घाटन किया था



खबर है कि हमलावरों ने कैफे पर 9 राउंड फायरिंग की और वीडियो भी बनाया. खालिस्तानी आतंकवादी हरजीत सिंह लाडी ने हमले की जिम्मेदारी ली है. हरजीत सिंह नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की लिस्ट में मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में शामिल है और बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़ा है. बताया जा रहा है कि उसने कपिल शर्मा के एक पुराने बयान से नाराज होकर गोलीबारी करवाई. घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है. इसमें कैफे के बाहर एक कार में बैठा व्यक्ति गाड़ी के अंदर से लगातार फायरिंग करते दिख रहा है. हालांकि अभी तक घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है. कपिल शर्मा का यह कैफे कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया स्थित सर्रे में स्थित है. इस कैफे के जरिए कपिल शर्मा ने रेस्टोरेंट इंडस्ट्री में कदम रखा है. उनकी पत्नी गिन्नी चतरथ भी इससे जुड़ी हैं।

# राजेंद्र चौहान कर्तव्यनिष्ठ, निडर और संवेदनशील पत्रकार, जन्मदिन मनाया और किया सम्मान

महू,पत्रकारिता के क्षेत्र में निडरता, समर्पण और सामाजिक सरोकारों के लिए जाने जाने वाले पत्रकार संघ महू के सचिव राजेंद्र चौहान "राजा" का जन्मदिन संघ द्वारा बड़े हर्षोल्लास, सम्मान और आत्मीयता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एक सादगीपूर्ण किन्तु गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पत्रकारिता जगत और सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी कई हस्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पत्रकार संघ के अध्यक्ष विजय खंडेलवाल ने की, जबकि संघ के संरक्षक रामलाल प्रजापति मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम के आरंभ में संरक्षक रामलाल प्रजापति ने राजेंद्र चौहान को पुष्पमाला पहनाकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और कहा – "राजेंद्र चौहान केवल पत्रकार नहीं, बल्कि समाज की आवाज़ हैं। उनकी लेखनी में निडरता है, विचारों में स्पष्टता है और हृदय में मानवीय संवेदनाएं। वे पत्रकारिता के उस आदर्श को जीवंत करते हैं जो आज के दौर में दुर्लभ होता जा रहा है।" उन्होंने चौहान को एक ऐसे व्यक्तित्व का धनी बताया जो ना केवल संगठनात्मक कौशल में निपुण है, बल्कि हर जरूरतमंद की मदद के लिए सदैव तत्पर रहता है।



इसके बाद पत्रकार संघ के अध्यक्ष विजय खंडेलवाल ने सभी पत्रकार साथियों की उपस्थिति में केक कटवाया और चौहान को उज्वल भविष्य की कामनाओं के साथ बधाई दी। उन्होंने कहा—» "राजा चौहान जैसे साथी संगठन की रीढ़ होते हैं, जिनके विचार, परिश्रम और टीम भावना से संघ को एक नई ऊर्जा मिलती है।" इस अवसर पर पत्रकार साथियों में विजय कुमार विजयवर्गीय, साजिद अली कुरैशी, बबली, प्रकाश स्वामी, बीके कौशल, सतीश शांडिल्य, संजय वैध, रवि धीमान,सोनू सौदागर, प्रकाश सिसोदिया आदि ने पुष्पमाला पहनाकर चौहान का स्वागत किया और मिठाई खिलाकर अपनी शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम में इंदौर से पधारे वरिष्ठ पत्रकार राहुल वावीकर और रजत व्यास ने भी पत्रकार राजा चौहान की पत्रकारिता और प्रखरता, सजगता पर ध्यान आकर्षित करते हुए जन्म दिन की बधाई दी। वहीं समाजसेवी संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की भी गरिमामय उपस्थिति रही। इस मौके डा जेपी धर्मा ने विशेष अंदाज में पत्रकार राजा चौहान को जन्म दिन की बधाई दी। इस अवसर पर भीम आर्मी के शरीफ खान, विशाल, मुकेश क्रोशिया, सिद्धार्थ चौहान, अश्वनी जाट,उस्मान पठान, भोलेनाथ गौतम,श्रेया गजभिए, शाहनवाज शाह, कपिल राठौर, अजय जाटव , राजकुमार प्रजापति, पंकज जोशीसहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने भी चौहान को पुष्पमालाएं पहनाकर सम्मानित किया और उनके दीर्घायु, स्वस्थ और सक्रिय जीवन की कामना की। पूरे आयोजन में आत्मीयता और अपनापन महसूस हुआ, जिससे यह कार्यक्रम केवल एक जन्मदिन समारोह न रहकर एक सम्मान समारोह बन गया। हर किसी ने यही कहा कि राजेंद्र चौहान जैसे लोग पत्रकारिता के साथ-साथ सामाजिक सौहार्द और मानवीय मूल्यों के भी प्रतीक हैं।

# सटोरिये की हेकड़ी निकली

## पत्रकारों पर अभद्र टिप्पणी के लिए पुलिस ने निकाला जुलूस

नीमच- पत्रकारों के खिलाफ अश्लील टिप्पणी करना नीमच के एक सटोरिये वीरेंद्र सिंह पंवार उर्फ पिंकू को महंगा पड़ गया , पुलिस ने आरोपी को सार्वजनिक रूप से जुलूस की शक्ल में पैदल एसडीएम न्यायालय तक ले जाकर उसकी हेकड़ी निकाल दी , जहां से उसे सीधे जेल भेज दिया गया।

यह मामला तब सामने आया जब वीरेंद्र सिंह पंवार उर्फ पिंकू ने लेनदेन के एक विवाद में प्रिंस उर्फ जानू शर्मा से मोबाइल पर बात करते हुए पत्रकारों के लिए बेहद आपत्तिजनक और अश्लील भाषा का इस्तेमाल किया , इस बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया , जिसके बाद पत्रकारों में भारी रोष देखने को मिला , मामले की गंभीरता को देखते हुए पत्रकारों ने एकजुट होकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा



और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की , प्रिंस शर्मा ने भी पुलिस में आवेदन दिया था , पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी वीरेंद्र सिंह पंवार को गिरफ्तार कर लिया पुलिस आरोपी को एसडीएम न्यायालय ले जा रही थी , लेकिन रास्ते में पुलिस वाहन खराब हो गया , ऐसे में पुलिस ने आरोपी को पैदल ही एक जुलूस के रूप में एसडीएम न्यायालय तक ले जाने का फैसला किया , यह कदम आरोपी की सार्वजनिक रूप से हेकड़ी निकालने और गलत संदेश देने वालों को सबक सिखाने के लिए उठाया गया एसडीएम संजीव साहू ने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी वीरेंद्र सिंह पंवार को जेल भेजने का आदेश दिया , पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी वीरेंद्र सिंह पंवार पर पहले भी क्रिकेट के ऑनलाइन सट्टा, मारपीट, गालीगलौज और धमकी जैसे कुल 6 अपराध दर्ज हैं , यह घटना समाज में गलत संदेश देने वालों के लिए एक स्पष्ट चेतावनी है कि कानून व्यवस्था को तोड़ने और आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# राजस्थान का तस्कर नारकोटिक्स इन्दौर विंग की गिरफ्त में

## प्रतापगढ़ से md लाकर इंदौर और आस पास सप्लाय करता था आरोपी हकीम खान

### 3.5 लाख रु की 35 ग्राम md जप्त

एम पी तस्करी एवम माफियाओं के विरुद्ध जारी अभियान के अंतर्गत धरपकड़ करने एवं आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री केपी राव द्वारा विशेष अभियान आरम्भ किया गया था जिसमे नारकोटिक्स विंग के सभी पुलिस अधिकारियों को अवैध मादक पदार्थ तस्करो की धरपकड़ हेतु समुचित दिशा निर्देश दिए गए थे जो श्रीमान उप पुलिस



महानिरीक्षक श्री महेश चंद्र जैन के निर्देशन में नारकोटिक्स विंग इंदौर की टीम को मुखबिर तंत्र के माध्यम से सूचना मिली थी की हकीम पिता समरगुल निवासी प्रतापगढ़ का बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ. Md रखकर इंदौर मे सप्लाय करने वाला है मुखबिर की सूचना पर नारकोटिक्स विंग की टीम द्वारा md सहित पकड़ा जो एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों का पालन करते हुए कुल मात्रा 35 ग्राम md पकड़ी एवम प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । जप्तशुदा md के सोर्स हेतु पूछताछ जारी है।

# गुरु पूर्णिमा श्री बटुक भवानी

## धाम में हुआ भव्य गुरु पूजन समारोह





गुलनाज शेख

**सनावदिया। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री बटुक भवानी धाम, सनावदिया में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ गुरु पूजन समारोह संपन्न हुआ। क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आयोजन में शामिल हुए।**

प्रातःकाल धाम परिसर वैदिक मंत्रोच्चार एवं मंगलाचरण से गूंज उठा। पूज्य संत महामंडलेश्वर श्री पंकज दास जी महाराज का पाद पूजन उनके शिष्यों द्वारा किया गया। इस अवसर पर गुरुदेव ने सभी श्रद्धालुओं को आशीर्वचन प्रदान किए तथा अनेक भक्तों को दीक्षा भी दी। भक्तों ने गुरुदेव के चरण पखार कर पुष्प अर्पित किए, आरती उतारी और आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया था। श्रद्धालुओं ने कहा कि गुरुदेव का सान्निध्य एवं मार्गदर्शन उनके जीवन का सबसे बड़ा संबल है। भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सात्विक प्रसादी का आनंद लिया। आयोजन की संपूर्ण व्यवस्था धाम के अनुयायियों द्वारा सेवा भाव से की गई। दूर-दराज से आए शिष्यों ने भी गुरु पूजन में भाग लेकर गुरु भक्ति का परिचय दिया।



**शुक्रवार दोपहर में बीजेपी नेता पंकज संघवी को हार्ट अटैक आया।उन्हें मुंबई हॉस्पिटल में उपचार के लिए भर्ती किया गया है।आज एंजियोग्राफी होगी। रिश्तेदार और प्रशंसक हॉस्पिटल पहुंचे।**

# डिलीवरी की डेट बताओ... एक हफ्ता पहले उठवा लेंगे!






9 महीने की गर्भवती लीला साहू ने मध्य प्रदेश के सीधी जिले में सड़क की मांग उठाया तो भाजपा सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने उनकी डिलीवरी की तारीख पूछते हुए कहा- "तारीख बताओ, हम तुम्हें एक हफ्ता पहले उठवा लेंगे" वहीं, मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि कोई भी कुछ सोशल मीडिया पर पोस्ट कर देगा तो क्या हम उसकी हर मांग मान लेंगे।

# भोपाल और उज्जैन के बीच रेलवे स्पेशल ट्रेन चलाएगा




आज 12 जुलाई से इसकी शुरुआत होगी। भोपाल से रोज रात 2.15 बजे ट्रेन रवाना होगी, जो अगले दिन सुबह 7.20 बजे उज्जैन पहुंचेगी। वहीं, उज्जैन से रात 9 बजे रवाना होकर 1.05 बजे भोपाल रेलवे स्टेशन पहुंचेंगी। यह ट्रेन संत हिरदाराम नगर, सीहोर, कालापीपल, शुजालपुर, अकोदिया, कालीसिंध, बेरछा, मक्सी और तराना स्टेशनों पर भी रुकेंगी। इससे भोपाल, सीहोर, शाजापुर और उज्जैन के यात्रियों को फायदा मिलेगा। सावन के चलते लाखों श्रद्धालुओं को ट्रेन का फायदा मिलेगा।

# पुलिस कर्मियों की सुविधा व पारदर्शिता एवं कार्यक्षमता में वृद्धि हेतु, मध्य प्रदेश पुलिस में हुई ई-एचआरएम की शुरुआत




## इंदौर पुलिस द्वारा पहली सर्विस रिकार्ड को डिजिटल कर, किया इस पोर्टल का शुभारंभ

इंदौर- मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा अपने अधिकारियों/ कर्मचारियों के रिकार्ड के प्रबंधन को और आधुनिक व बेहतर बनाने के लिए, मध्यप्रदेश शासन व पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, ई-एचआरएम (इलेक्ट्रॉनिक ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट सिस्टम) प्रणाली की शुरुआत की है जिसके तहत इंदौर पुलिस कमिश्नरेट में भी इसके सफल क्रियान्वयन हेतु पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह व अति. पुलिस आयुक्त इंदौर श्री मनोज कुमार के दिशा निर्देशन में एक टीम गठित कर कार्य हेतु लगाया गया है। उक्त टीम द्वारा म.प्र. गृहमंत्रालय के प्रमुख सलाहकार श्री विनीत तिवारी जी एवं अति पुलिस उपायुक्त मुख्यालय श्री सीमा अलावा के मार्गदर्शन में कर्मचारियों के रिकार्ड पुस्तिका व जानकारी को ई-एचआरएम पोर्टल पर डिजिटल अपलोड किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ आज इंदौर पुलिस द्वारा महिला आरक्षक 4101 पूजा राठौर की सेवा पुस्तिका को सफलतापूर्वक अपलोड करके किया गया, जो मध्यप्रदेश की पहली सर्विस बुक डिजिटल हुई। ई-एचआरएम प्रणाली की शुरुआत से पुलिस विभाग को कई लाभ होंगे, जैसे किः

- कर्मचारियों की जानकारी का ऑनलाइन प्रबंधन
- सेवा रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण
- पारदर्शिता और जवाबदेही में वृद्धि
- कार्यक्षमता में सुधार

इस प्रणाली से पुलिस विभाग की कार्यक्षमता और पारदर्शिता में और भी सुधार होगा, कर्मचारियों की सेवा से जुड़ी सभी डिटेल्स प्रशिक्षण, प्रमोशन, ट्रांसफर, उनके अवकाश, विभिन्न जानकारी को आसानी से कभी भी ऑनलाइन देखा जा सकेगा, जिससे विभाग के साथ कर्मचारियों के लिए भी ये लाभप्रद रहेगा।

# गुरु पूर्णिमा महोत्सव में गुरु एवं भक्तों ने मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की

रतलाम। सिविल हॉस्पिटल परिसर स्थित सती माता मंदिर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर गुरु एवं भक्तों ने एकजुट होकर अस्पताल में भर्ती मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हेतु प्रार्थना की तथा प्रभु आरती का आयोजन किया। आरती का नेतृत्व रोगी कल्याण समिति के सदस्य समाजसेवी गोविंद काकानी एवं नेत्रदान प्रेरक हेमन्त मूणत के मुख्य आतिथ्य में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सहभागी बने।

महंत मनोहर दास बैरागी जी के सान्निध्य में गुरुपूजन एवं चरण पादुका पूजन सम्पन्न हुआ। भक्तों ने गहन श्रद्धा और भक्ति भाव से भाग लेते हुए गुरु के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। गुरु, जिन्हें ज्ञान, शक्ति और साधना का प्रेरणास्रोत माना जाता है, उनके दिव्य सान्निध्य से जीवन आलोकित होता है और आत्मा का परमात्मा से संबंध स्थापित होता है। श्रद्धालुओं ने "परमात्मा के दर्शन गुरु के माध्यम से होते हैं" — इस शाश्वत सत्य को स्मरण करते हुए गुरु की महिमा का गुणगान किया। पूरे वातावरण में भक्ति, भाव और समर्पण का माहौल व्याप्त रहा। भजनों, स्तुतियों और प्रवचनों से श्रद्धा से सराबोर वातावरण भावविभोर हो उठा। महाआरती में सभी भक्तों ने पूर्ण समर्पण भाव से भाग लेकर गुरुचरणों में अपनी आस्था अर्पित की। इसके पश्चात भव्य भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर आत्मिक शांति और संतोष की अनुभूति प्राप्त की। यह गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धालुओं को यह अनुभूति करा गया कि गुरु ही वह माध्यम हैं, जिनके द्वारा परमात्मा की साक्षात अनुभूति संभव है। भक्ति, सेवा और आत्मिक जागृति से ओतप्रोत यह आयोजन एक दिव्य आध्यात्मिक पर्व के रूप में पूर्ण हुआ इस अवसर पर नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें विशेष रूप सेः हेमन्त मूणत, गोविन्द काकानी, महेन्द्र मांदलिया, आशीष संघवी, लखनदास वैष्णव, अनिलदास वैष्णव, चेतन व्यास, धर्मेन्द्र व्यास, पप्पू शर्मा, सुरेन्द्र चौहान, शिवनारायण परमार,रीतिक भाई, गुड्डू भैय्या,मीना शुक्ला,निकुंज भाई पूर्व पार्षद सुनीता तिवारी, रीना पारख, मीना बहन, पदमनी बहन सहित अनेक श्रद्धालु एवं सेवाभावीजन सम्मिलित रहे।

# कुएं में तैरती हुई नजर आई सलीम की लाश

रणजीत टाइम्स



मक्सी। कुएं में तैरता हुआ मिला शव तालाई मोहल्ले निवासी मकसी क्षेत्र अंतर्गत दुधली रोड पर पटेल फार्म हाउस के सामने एक कुएं में सलीम मंसूरी पिता पीर खान उम्र लगभग 50 वर्ष का शव तैरता हुआ मिला है सूत्रों की माने तो उपरोक्त व्यक्ति घर से 3 दिन से लापता था मकसी टीआई भीम सिंह पटेल ने बताया कि पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई है शव को बाहर निकालने का प्रयास जारी है पुलिस हर बिंदुओं पर जांच करेगी वही शव की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में लोग कुएं के पास एकत्रित हो गए मौके पर पुलिस के द्वारा लोगों की मदद से शव को बाहर निकाला गया पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस का अवैध जुआ खेलने वालों के विरुद्ध कडा प्रहार

**03 प्रकरणों मे 14 आरोपियों पर की गई कार्यवाही कब्जे से किए 03 गड्डी 52 तास पत्ते व नगदी 7410/- रूपये किए जप्त**

रणजीत टाइम्स

खरगोन वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन धर्मराज मीना के निर्देशन व अति. पुलिस अधीक्षक श्रीमति शकुन्तला रुहल के मार्गदर्शन मे समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व समस्त थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी तारतम्य मे थाना बेड़िया पर अवैध जुआ खेलने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है।

घटना का संक्षिप्त विवरण

गुरवार को थाना प्रभारी बेड़िया उनि धर्मेन्द्र यादव को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, थाना क्षेत्र मे कुछ लोग ग्राम नगावां, डुडगांव रोड ग्राम बैडिया एवं नहर के पास दाभड रोड बैडिया पर कुछ लोग हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना बेड़िया से पुलिस टीम का गठन कर टीम को मुखबिर की सूचना से अवगत करवाकर मुखबिर के बताए स्थानों पर दबिश डालने हेतु तत्काल रवाना किया गया। पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर के बताए स्थान पर घेराबंदी कर दबिश दी, जिसमे पुलिस टीम ने ग्राम नगावां मे लखन की दुकान के साईड मे मौके पर जुआ खेलते 04 लोगों को पकड़ा जिनके कब्जे से नगदी 1350/- रुपये एवं 52 ताश पत्ते जप्त किए गए, दूसरे स्थान डुडगांव रोड पर खेत मे कच्चे रास्ते पर 04 लोगों को पकड़ा जिनके कब्जे से नगदी 1740/- रुपये एवं 52 ताश पत्ते जप्त किए गए एवं तीसरे स्थान पर नहर के पास दाभड रोड पर दबिश देने पर 06 आरोपीयो को नगदी 4320/- रुपये एवं 52 ताश पत्ते के साथ जुआ खेलते पकड़ा। इस प्रकार पुलिस टीम के द्वारा कुल 03 प्रकरणों मे 14 आरोपियों पर कार्यवाही करते हुए 03 गड्डी 52 तास पत्ते व नगदी 7410/- रूपये को जप्त कर थाना बेड़िया पर अपराध क्रमांक 142/25,143/25 एवं 145/25 धारा 13 जुआ एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है। उक्त की गई कार्यवाही मे एसडीओपी बड़वाह श्रीमति अर्चना रावत के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी बेड़िया उनि श्री धर्मेन्द्र यादव के नेतृत्व मे सउनि




महबूब खान, प्रआर. 420 महिपाल पिंडारे, प्रआर.533 राजेन्द्र चौहान, आर.539 समीर शेख, आर. 850 राजीव गुर्जर, आर. 1050 अखिलेश चौहान, आर.429 सरदार निगम, आर. देवीसिंह चौहान, आर.643 कैलास सागरिया का विशेष योगदान रहा।

# धर्मनगरी भीलवाड़ा में उमड़ा श्रद्धा व आस्था का सैलाब, गूंजे भगवान महावीर एवं जैन दिवाकर के जयकारे





**मंगल प्रवेश कलश यात्रा के साथ महासाध्वी कुमुदलताजी म.सा. आदि ठाणा का भव्य चातुर्मासिक मंगल प्रवेश**



## मंगल प्रवेश समारोह में राज्यपाल बागड़े सहित कई जनप्रतिनिधि हुए शामिल

**रणजीत टाइम्स**

भीलवाड़ा। धर्मनगरी भीलवाड़ा में जिनशासन के प्रति श्रद्धा व भक्ति से ओतप्रोत श्रावक-श्राविकाओं का सैलाब मंगलवार को श्रमण संघीय जैन दिवाकरीय मालव सिंहनी पूज्या श्री कमलावतीजी म.सा. की सुशिष्या अनुष्ठान आराधिका पूज्य महासाध्वी डॉ. श्री कुमुदलताजी म.सा. आदि ठाणा 4 के चातुर्मासिक मंगल प्रवेश कलश यात्रा व समारोह में उमड़ पड़ा। श्रद्धा का सैलाब ऐसा था कि जहां तक नजर पहुंचे जिनशासन आराधक ही नजर आ रहे थे। आध्यात्मिक चातुर्मास आयोजन समिति सुभाषनगर के तत्वावधान में होने जा रहे चातुर्मास के लिए शिवाजी पार्क के पास स्थित सुनीलकुमार सुराणा के निवास से महासाध्वी मण्डल के सानिध्य में भव्य मंगलप्रवेश कलश यात्रा शुरू हुई। सुभाषनगर स्थानक पहुंची मंगलप्रवेश कलश यात्रा में सैकड़ो श्राविकाएं चुंदड़ पहन सिर पर मंगल कलश धारण करके चल रही थी। प्रवेश यात्रा में भगवान महावीर, जैन धर्म ओर जैन दिवाकर चौथमलजी म.सा. के जयकारे गूंजायमान होते रहे। मंगल प्रवेश यात्रा में जैन धर्म के मूल सिद्धांतों व महापुरूषों तथा राजस्थान के गौरवशाली इतिहास से परिचित कराने वाली संजीव झांकिया भी आकर्षण का केन्द्र रही। प्रवेश यात्रा में शामिल महासाध्वी डॉ. कुमुदलताजी म.सा. आदि ठाणा के दर्शन एवं एक झलक पाने के लिए श्रावक-श्राविकाओं के साथ हर वर्ग के लोग आतुर दिखे। मंगल कलश प्रवेश यात्रा के बाद मंगल प्रवेश कार्यक्रम आरसी व्यास कॉलोनी में गेट नंबर 33 के पास स्थित धांधोलाई स्कूल ग्राउण्ड में आयोजित हुआ। इसके लिए विशाल वाटरप्रूफ पांडाल तैयार किया गया था। महासाध्वी कुमुदलताजी म.सा. आदि ठाणा के सानिध्य में मंगल प्रवेश कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्थान के राज्यपाल हरिभाउ बागड़े थे जबकि अध्यक्षता मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने की। राज्यपाल बागड़े ने कहा कि चातुर्मास आत्मशुद्धि,संयम ओर सामाजिक सद्भाव का विशेष काल है,जिसमें साधु संत एक स्थान पर ठहरकर ध्यान साधना ओर तपस्या करते है ओर समाज को नैतिक मूल्यों की शिक्षा देते है। उन्होंने कहा कि जैन धर्म जीवदया,अहिंसा ओर आत्मशुद्धि का प्रतीक है। चातुर्मास के माध्यम से इन मूल्यों को जनमानस तक पहुंचाया जाता है। सच्चा संत वहीं है जो परमार्थ के लिए कार्य करता है ओर ऐसा करना ही सच्ची सिद्धी है। महासाध्वी कुमुदलताजी म.सा. ने धर्मसंदेश प्रदान करते हुए कहा कि भगवान महावीर की परम्परा में वर्षावास का विशेष महत्व है। वर्षावास में अधिकाधिक तप,जप,सामायिक ओर धर्म आराधना हो ओर जन-जन तक भगवान महावीर का संदेश पहुंचाने वाला रहे। यह चातुर्मास धर्म ओर त्याग की दृष्टि से प्रेरणादायी बने इसके लिए तन,मन ओर धन से जुड़े ओर मानव सेवा के कार्य हो। उन्होंने वर्ष 2012 में भीलवाड़ा में किए गए चातुर्मास का स्मरण करते हुए कहा कि भीलवाड़ावासियों से जो स्नेह ओर अपनत्व मिला उससे ओर दौलतजी-निर्मलाजी भड़कत्या की भावना थी कि यहां चातुर्मास करें। चिंतन जागृत हुआ ओर भीलवाड़ा संघ तैयार हुआ तो साध्वी मण्डल चातुर्मास के लिए फिर भीलवाड़ा पहुंचा है। उन्होंने सबके सुखद आध्यात्मिक जीवन के लिए मंगलभावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि भीलवाड़ा में 12 भावना रूपी 12 चातुर्मास है जहां मन लगे वहां जाकर जिनवाणी अवश्य श्रवण करें। स्वर साम्राज्ञी महासाध्वी महाप्रज्ञाजी म.सा., ने भजन के माध्यम से जिनशासन भक्ति की प्रेरणा प्रदान की। साध्वी मण्डल ने शुरू में नवकार महामंत्र एवं मंगलकारी स्त्रोतों की आराधना की। समारोह में वास्तुशिल्पी साध्वी पद्मकीर्तिजी म.सा.,विद्याभिलाषी साध्वी राजकीर्तिजी म.सा.आदि ठाणा का सानिध्य प्राप्त हुआ। समारोह के शुरू में ध्वजारोहण बिजयनगर से पधारे ओमप्रकाश अशोककुमार श्रीश्रीमाल ने किया। समारोह में भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक अशोक कोठारी,जब्बरसिंह सांखला,गोपाल खण्डेलवाल, चन्द्रभानसिंह आक्या,नगर निगम महापौर राकेश पाठक,भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशान्त मेवाड़ा सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शांतिलाल पोखरना, दिलीप नाबेड़ा,नेमीचंद धाकड़,अशोककुमार श्रीश्रीमाल,डॉ.दामोदर लड्ढा,मीठालाल सिंघवी,सुशीलकुमार डांगी, आनंद चपलोत,कमलेश ढेलावत,प्रकाश भटेवरा, जिनेश्वर जैन इन्दौर आदि उपस्थित थे। चातुर्मास समिति के संयोजक महावीरसिंह चौधरी ने कहा कि भीलवाड़ावासी सौभाग्यशाली है कि उन्हें महासाध्वी कुमुदलताजी का चातुर्मास प्राप्त हुआ है। वह जैन साध्वी नहीं होकर जिन साध्वी बन चुकी है जो सम्पूर्ण मानव कल्याण की भावना से जिनशासन के लिए समर्पित है। अतिथियों का स्वागत चातुर्मास समिति के अध्यक्ष दौलतमल भड़कत्या एवं सुभाषनगर श्रीसंघ के अध्यक्ष हेमन्त कोठारी, आशीष भड़कत्या ने किया। आभार संचालन करते चातुर्मास समिति के सचिव राजेन्द्र सुराना ने व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि चातुर्मासिक दैनिक प्रवचन बुधवार से शुरू हो जायेगे। सुभाषनगर जैन स्थानक में प्रतिदिन सुबह 8.45 से 10 बजे तक प्रवचन होंगे। आयोजन को सफल बनाने में विभिन्न पदाधिकारियों ओर चातुर्मास समिति सदस्यों का सहयोग रहा। चातुर्मासिक मंगलप्रवेश कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुंबई,अहमदाबाद, सूरत,पूना ,बैंगलोर,हैदराबाद,कोयम्बूटर, चितौड़गढ़,जयपुर, निम्बाहेड़ा,नीमच,मन्दसौर,रतलाम, इन्दौर,बिजयनगर, जावरा, गंगापुर, गुलाबपुरा, उदयपुर,कोटा,राशमी सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों श्रावक-श्राविकाएं भीलवाड़ा पहुंचे थे।

**मंगलप्रवेश यात्रा में सजीव झांकिया बनी आकर्षण का केन्द्र**

भव्य चातुर्मासिक मंगल प्रवेश यात्रा में सबसे आगे चल रही सजीव झांकिया आकर्षण का केन्द्र रही। इन झांकियों के माध्यम से जैन संत के जीवन की झलक भी दिखी तो जैन धर्म के मूल सिद्धांतों का महत्व भी समझाया गया। राजस्थान के गौरवशाली इतिहास ओर परम्पराओं की झलक भी इन सजीव झांकियों के माध्यम से प्रदर्शित हो रही थी। शोभायात्रा में जैन धर्म के संदेश व चिन्ह प्रदर्शित करने वाली तख्तियां उठाए लोग चल रहे थे। प्रवेश यात्रा मार्ग पर जगह-जगह विभिन्न संगठनों ओर श्रावक परिवारों द्वारा स्वागत द्वार भी लगाए गए थे।

**मंगल प्रवेश पर विभिन्न परिवार बने लाभार्थी**

चातुर्मासिक मंगल प्रवेश के अवसर पर नवकारसी के लाभार्थी सीए सुनीलकुमार सुराणा परिवार रहा तो गौतम प्रसादी का लाभ सुरेन्द्रसिंह, अमित, सुमित सुराणा परिवार भीलवाड़ा ने लिया। ध्वजारोहण के लाभार्थी राजाकांता देवी, ओमप्रकाश,अशोककुमार, अमितकुमार श्रीश्रीमाल परिवार जयपुर, केसर प्रभावना के लाभार्थी कीर्तिराज माधुरी,प्रेम दुग्गड़ परिवार पुणे एवं गुड प्रभावना के लाभार्थी नेमीचंद मोहनलाल कोचर परिवार नासिक रोड रहा।

**पोखरना दंपति ने प्रदान की चातुर्मास की आज्ञा**

मंगल प्रवेश यात्रा के बाद महासाध्वी कुमुदलताजी म.सा. आदि ठाणा चातुर्मास स्थल सुभाषनगर जैन स्थानक पहुंचे तो चातुर्मासिक प्रवेश के लिए आज्ञा मुंबई से पधारे दंपति शांतिलाल पोखरना एवं सुशीला पोखरना ने प्रदान की। साध्वी मण्डल ने चातुर्मास आयोजन समिति, सुभाषनगर श्रीसंघ सहित वहां मौजूद सैकड़ो श्रावक-श्राविकाओं को आज्ञा देने वाला मानते हुए सबकी साक्षी में स्थानक में मंगल प्रवेश किया। इस दौरान जैन धर्म ओर साध्वी मण्डल के जयकारे लगते रहे।

**विभिन्न संघों ने रखी चातुर्मास की विनती**

इन्दौर,कोटा,बिजयनगर आदि स्थानों से पधारे श्रीसंघों के प्रतिनिधियों ने महासाध्वी कुमुदलताजी म.सा. आदि ठाणा से वर्ष 2026 का चातुर्मास प्रदान करने की भावपूर्ण विनती रखी। कुमुदलताजी म.सा. ने ऐसे संघों की विनती झोली में रखते हुए कहा कि अभी सबकी विनती झोली में रख रहे है ओर समय आने पर विचार किया जाएगा।

# चामुण्डा ढाबे पर पांच लोगों ने नशे की हालत में चाकू से वार कर युवक की हत्या, इंदर चौराहे पर शव रख कर किया चक्का जाम

**रणजीत टाइम्स**

जीरापुर में बुधवार देर रात एक मामूली कहासुनी खूनी संघर्ष में बदल गई। चामुंडा ढाबा पर भोजन पैक कराने पहुंचे युवक पर नशे में धुत आरोपियों ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हमले में गंभीर रूप से घायल दीपक उर्फ संजू मालवीय (30) को अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे बाहर रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। घटना रात करीब 1 बजे की है, जब फरियादी शिवनारायण मालवीय अपने दोनों सालों दीपक और श्याम के साथ भोजन लेने चामुंडा ढाबा पहुंचे थे। ढाबे वाले द्वारा समय अधिक हो जाने की बात कहकर खाना पैक करने की बात कही गई तभी तीनों ढाबे के पीछे बैठ गए। इसी दौरान ढाबे पर पहले से मौजूद सोनू सोनी, मोनू परमार, श्रीओम मंडलोई, वीरम सौध्या और राजेन्द्र सिंह उर्फ राजू ने नशे की हालत में दीपक से गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। विवाद इतना बढ़ा कि सोनू और मोनू ने चाकू से दीपक पर हमला कर दिया।

गर्दन, सिर और पीठ पर चाकू से वार शिवनारायण मालवीय ने जीरापुर थाने में दी रिपोर्ट



में बताया कि दीपक की गर्दन, सिर, भुजा और पीठ पर गंभीर चाकू के घाव लगे। घायल दीपक को तत्काल सिविल अस्पताल लाया गया, जहां से उसे झालावाड़ रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गी

### शव रखकर परिजनों ने किया चक्काजाम

दीपक की मौत की खबर मिलते ही मालवीय समाज आक्रोशित हो उठा। बड़ी संख्या में समाजजन पुराने कोर्ट परिसर में एकत्र हुए और मृतक का शव लेकर इंदर चौराहे पर धरना दिया। दोपहर 3:30 बजे से शाम 6:30 बजे तक तीन घंटे तक शव चौराहे पर रखा रहा और सड़क पूरी तरह जाम रही। इस दौरान स्कूली बच्चों और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। शासकीय नौकरी, आर्थिक सहायता की मांग एडिशनल एसपी केएल बंजारे, एसडीएम अंकित जैन, एसडीओपी अनिल राय, तहसीलदार आरपी सिंह व अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे, जिन्हें परिजनों ने ज्ञापन सौंपा। मृतक की पत्नी को शासकीय नौकरी, दो नाबालिग बच्चों के भरण-पोषण के लिए एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई।

### दो आरोपी गिरफ्तार तीन फरार

पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धाराओं 103 (1), 109 (1), 296, 115(2), 118(1), 3(5) और एससी-एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3(2)(v), 3(2)(va) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। दो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि तीन की तलाश जारी है। सुरक्षा के मद्देनजर भारी पुलिस बल तैनात झालावाड़ से पोस्टमॉर्टम के बाद जब मृतक का शव जीरापुर लाया गया, तब से लेकर पूरे चक्का जाम के दौरान राजगढ़, ब्यावरा, माचलपुर, खिलचीपुर, कालीपीठ,छापीहेड़ा और भोजपुर से आए थानों की पुलिस फोर्स तैनात रही। एडिशनल एसपी स्वयं मोके मोजूद रहे।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर निकाली रैली स्वास्थ्य विभाग के द्वारा रेली निकाल कर ग्रामीण जनता को किया जागरूक

**रणजीत टाइम्स**



लाबरिया I 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस पर जनसंख्या स्थरीकरण एवं योग्य दम्पति युवाओं में निष्पक्ष और आशापूर्ण विश्व में अपने मन चाहे परिवार बनाने के लिए सशक्त बनाना है। पर मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी अरुण मोहरानी, मेडिकल ऑफिसर अनिल भंवर के दिशा निर्देश में क्षेत्रों में वर्तमान में शिशु जन्म से लेकर उसके ललन पालन, पढ़ाई, इलाज, आदि में आने वाली आर्थिक स्थितियों के कारणों से अधिक संख्या में बच्चों वाले परिवारों में गरीबी संसाधनों की कमी एवं मानव जीवन से जुड़ी जीवन यापन करने के लिए रोजमारा एवं दैनिक आवश्यक पूर्तियों सामग्रियों (पर्याप्त पोषण ) को समय पर उपलब्ध नहीं करा पाने से परिवारों में स्वास्थ्य प्रभावित होता है । जिससे माताओं एवं शिशुओं में मृत्यु होने कि घटनाएं हो रही है। को कम करने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही "मिशन परिवार विकास" योजना के अंतर्गत सभी योग्य दम्पति सदस्यों को परिवार नियोजन के "आस्थाई एवं स्थाई" साधनों का परिचय करवाते हुए पनि के साधन अपनाने के लिए जागरूक (प्रेरित) करना है। उक्त बातें सेक्टर सुपरवाइजर रमेश भूरिया ने रैली में संबोधन के रूप में बताई । रैली में सरपंच मैना बाई रमेश ओसारी,,उपसरपंच नारायण मारू भट्ट साहब, सचिव ,,सहायक सचिव पंचगण,, हायर सेकेण्डरी स्कूल के शिक्षक, शिक्षिका ,,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा, ए एन एम सारोज शर्मा, व सुपरवाइजर सीताराम ठाकुर मौजूद रहे ।

## डिवाइडर पर पेशाब करने पर, बनाया चालान

**रणजीत टाइम्स**



इंदौर I नगर निगम स्वास्थ्य विभाग प्रभारी अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने बताया कि शहर में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में झोन क्रमांक 1 वार्ड क्रमांक 9 में मरीमाता मंदिर चौराहा सिग्नल से पहले सेंट्रल डिवाइडर के बीच में रविवार रात्रि 9:14 बजे एक व्यक्ति द्वारा शराब के नशे में कार नम्बर MP09 ZK 7146 Venue(हुंडई) से उतरकर डिवाइडर पर बाथरूम किया गया था। उक्त व्यक्ति का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर नगर निगम स्वास्थ्य विभाग झोन 1 के मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक विवेक यादव,पंकज सिंह राठौर,वॉर्ड दरोगा राजेश चंदेले, एनजीओ बेसिक्स टीम द्वारा उक्त व्यक्ति को चिन्हित कर उसके बारे में जानकारी निकाली गई तो संबंधित व्यक्ति वॉर्ड 9 में मेहता कॉलोनी स्थित विजयवर्गीय चाट सेंटर नामक दुकान संचालक कुलदीप विजयवर्गीय निकला। संबंधित व्यक्ति का खुले में बाथरूम करने पर 2000 रुपए का स्पोर्ट फाइन बनाया गया। साथ ही समझाइश भी दी की आगे से ऐसी कोई भी गलती नहीं करे।

# सरस्वती शिशु मंदिर में गुरूपूर्णीमा कार्यक्रम सम्पन्न




**रणजीत टाइम्स**

धार I सरस्वती शिशु मंदिर धार में गुरूपूर्णीमा कार्यकम मनाया गया।जिसमें अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया,कार्यक्रम के अतिथि अध्यक्ष श्रीअशोक जी म्हाले,उपाध्यक्ष श्री जयंत जी जोशी,सहसचिव श्री मती संगीता गुणे और कोषाध्यक्ष श्री आशीष जी वैद्य मंचासीन रहे । उपाध्यक्ष श्री जोशी जी ने अपने उद्बोधन ने में गुरु महिमा बताई कहा कि नवीन शिक्षा पद्धति 2020 में भारतीय शिक्षा ज्ञान विज्ञान लागू की लेकिन हमारा शिशु मंदिर तो वर्षों पहले से भारतीय शिक्षा ज्ञान विज्ञान का ज्ञान और गुरुकुल पद्धति से शिक्षा को दे रहे , सहसचिव गुणें दीदी जो कि शिशु मंदिर में जिन्होंने कई वर्षों से सेवाएं दी और जो कि अपना पूर्ण समय शिशु मंदिर को दिया तथा सेवानिवृत के बाद भी शिशु मंदिर की चिंता करती है उन्होंने भी अपने उद्बोधन में की शिशु मंदिर में अध्ययन करने वाले भैया बहिन को भाग्यशाली जो गुरु शिष्य परंपरा के अंतर्गत शिक्षा का प्राप्त कर रहे है गुरु की महिमा का वर्णन किया और आपने एकलव्य के गुरु भक्ति के बारे में बताया। अतिथि स्वागत बहिन हनी देवड़ा और भैया मनीष लववंशी ने किया। अतिथि परिचय विद्यालय प्राचार्य श्री प्रमोद जी गुंजाल ने किया । आचार्य दीदी के सम्मान में समस्त भैया बहिन ने सामूहिक गुरु भक्ति का गीत प्रस्तुत किया। समिति परिवार कि ओर से सभी आचार्य परिवार,सेवक सेविका और वाहन चालक परिचालक का स्वागत तथा सम्मान समारोह तिलक श्रीफल व उपहार भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन और आभार व्यक्त समिति कोषाध्यक्ष श्री आशीष जी वैद्य ने किया। उक्त जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य राहुल लववंशी ने दी।

# मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव समर्पण कांवड यात्रा में सम्मिलित हुए

## मुख्यमंत्री ने कावड़ का पूजन कर महामंडलेश्वर श्री उत्तम स्वामी के साथ कांवड उठाई

## प्रदेश मे कांवड यात्रियों की सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं के लिए निर्देश दिये गए है -मुख्यमंत्री डॉ यादव

**रणजीत टाइम्स**

उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शुक्रवार को उज्जैन त्रिवेणी स्थित शनि मंदिर पर श्री पंच अग्नि अखाडा के महामण्डलेश्वर संत श्री उत्तम स्वामी जी महाराज के सानिध्य में आयोजित समर्पण कांवड यात्रा में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश में सभी कांवड यात्रियों की सुरक्षा के लिए अनुकूल व्यवस्था की जा रही है । उनके भोजन और रुकने की व्यवस्था के इंतजाम भी व्यापक स्तर पर करने के निर्देश जारी किए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि हिंदू संस्कृति में सभी त्योहार,उत्सवों को उत्साह के साथ मनाया जाता है। इसके साथ अब प्रदेश में सभी जगह पर कांवड यात्रियों की सुविधाओं के लिए व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि संत जनों और ईश्वर के आशीर्वाद से उज्जैन की सिंहस्थ 2028 की तैयारी तेजी से चल रही है। हमारी तैयारी ऐसी है कि सिंहस्थ 2028 के बाद यदि हर वर्ष भी सिंहस्थ जैसे आयोजन उज्जैन नगरी में किए जाए तो भी हमें किसी प्रकार की समस्या नही आयेगी। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि सिंहस्थ 2028 में संतो के



स्थाई आश्रम और अन्य व्यवस्थाओं के लिए सिंहस्थ आध्यात्मिक सिटी का भी निर्माण किया जा रहा है। जिससे हजारों लोग उज्जैन में रुकना चाहे तो उनकी व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा सकेगी।

महामंडलेश्वर संत श्री उत्तम स्वामी जी के आशीर्वाद और नेतृत्व में आयोजित हो रही कावड़ यात्रा में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कावंड का पूजन कर कांवड उठाई और संत श्री के साथ पैदल चल कांवड यात्रा शुरू कराई। उल्लेखनीय है कि समर्पण कांवड यात्रा का आयोजन हर वर्ष अग्नि आखाड़ा के महामंडलेश्वर सन्त श्री उत्तम स्वामी जी के आशीर्वाद से आयोजित होती है।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कांवड यात्रियों को संबोधित कर कहा की दुनिया मे कई संस्कृतियां है लेकिन कोई भी देश अपने शुभ कार्य को प्रारंभ करने से पूर्व जल को साक्षी मानकर कोई संकल्प नहीं लेता है भारतीय परम्परा और हिंदु संस्कृति में आम नागरिक, ग्रामीण और शहरी जन जल को साक्षी मानकर संकल्प लेते हैं। भारतवर्ष में जल ही जीवन की संस्कृति को सदैव से जीवन में अपनाया गया है।

भारतीय संस्कृति में जल को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है जीवन के सभी पहलुओं में जल का महत्व है। इसी कारण पवित्र भाव से सावन मास में कठिन यात्रा कर शिवलिंग पर जल अर्पित किया जाता है। कांवड यात्रा मे विधायक द्वय श्री अनिल जैन कालूहेड़ा,श्री सतीश मालवीय, नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव, श्री संजय अग्रवाल, पूर्व विधायक श्री राजेंद्र भारती, श्री तपन भौमिक और अन्य संतजन बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर

एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

# जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

**बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो**

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

**भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278**

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"